कार्यालय प्राचार्य,
स्वामी आत्मानंद शासकीय अंग्रेजी माध्यम आदर्श महाविद्यालय, धनोरा, दुर्ग(छ.ग.)

website: www.govtmodelcollegedurg.ac.in **E-mail id: modelcollegedurg@gmail.com**

क./219/पो.मै.छात्रवृत्ति/2025–26 दुर्ग, दिनांक 01.07.25

//पोस्टमैट्रिक छात्रवृत्ति सूचना सत्र 2025–26//

महाविद्यालय में अध्ययनरत अनसूचित जाति(SC), अनुसूचित जनजाति(ST) एवं अन्य पिछड़ा वर्ग (OBC) के समस्त नियमित छात्र/छात्राओं को सूचित किया जाता है कि पोस्टमैट्रिक छात्रवृत्ति आवेदन हेतु पोर्टल https://postmatric-scholarship.cg.nic.in पर जाकर ऑनलाईन छात्रवृत्ति फार्म के पंजीयन की समय सीमा दिनांक 31.08.2025 तक है। पात्रता रखने वाले छात्र/छात्राएं तत्काल ऑनलाईन छात्रवृत्ति फार्म भरने के बाद हार्डकॉपी छात्रवृत्ति शाखा में आवश्यक दस्तावेज के साथ अनिवार्य रूप से जमा करें। अंतिम तिथि के पूर्व ऑनलाईन आवेदन तथा हार्डकॉपी को जमा करना सुनिश्चित करें ताकि छात्रवृत्ति से वंचित न हो। अंतिम तिथि के पश्चात् आवेदन स्वीकार नहीं किया जाएगा; जिसकी जिम्मेदारी स्वयं छात्र की होगी। आवेदन की हार्डकॉपी जमा करने का समय प्रातः 11:00 से दोपहर 02:00 बजे तक है।

क.	प्रक्रिया	अंतिम तिथि
1	विद्यार्थी द्वारा ऑनलाईन आवेदन हेतु (नवीन एवं नवीनीकरण)	**31.08.2025 तक**
2	कार्यालय में हार्डकॉपी जमा करने की तिथि	**31.08.2025 तक**

ऑनलाईन आवेदन पत्र की हार्डकॉपी के साथ संलग्न स्वयं सत्यापित छायाप्रतियां दस्तावेज इस कम में लगाएं :–

1. ऑनलाईन आवेदन फॉर्म की हार्डकॉपी।
2. 10 वीं एवं 12 वीं की अंकसूची की स्वयं–सत्यापित छायाप्रति।
3. सत्र 2024–25 एवं अन्य कक्षा में उत्तीर्ण परीक्षा की अंकसूची की स्वयं–सत्यापित छायाप्रति।
4. स्थाई जाति प्रमाण पत्र की स्वयं–सत्यापित छायाप्रति।
5. निवास प्रमाण पत्र की स्वयं–सत्यापित छायाप्रति।
6. आय प्रमाण पत्र की मूलप्रति। **आय सीमा (OBC – 1.00 लाख, SC/ST – 2.50 लाख)**
7. सत्र 2025–26 में प्रवेशित रसीद की स्वयं–सत्यापित छायाप्रति।
8. आधारकार्ड की स्वयं–सत्यापित छायाप्रति।
9. बैंक पासबुक की स्वयं–सत्यापित छायाप्रति। (बैंक खाता आधार सीडेड होना चाहिए)।
10. यदि छात्रावास में निवास कर रहे हो तो निवास करने के प्रमाण पत्र की मूलप्रति। (SC/ST ONLY)
11. अभिभावक का शपथ प्रमाण पत्र (10 रू. के स्टाम्प में नोटरी द्वारा) जिसमें माता–पिता की वार्षिक आय तथा शासकीय सेवा में है या नही का उल्लेख हो।
12. फोटो 01 नग (ऑनलाईन आवेदन की हार्ड कॉपी में चस्पा करें)
13. आवेदन के सत्यापन हेतु आधार से लिंक मोबाइल साथ में रखें क्योंकि OTP के माध्यम से सत्यापन किया जाना है।

टीप :– 1. केवल ST/SC के छात्र/छात्राओं का पोस्टमैट्रिक छात्रवृत्ति हेतु NSP पोर्टल पर One Time Registration (OTR) किया जाना अत्यंत आवश्यक है।

2. PFMS के माध्यम से आधार आधारित पोस्टमैट्रिक छात्रवृत्ति का भुगतान किया जा रहा है। अतः सभी विद्यार्थी ऑनलाईन आवेदन करते समय ध्यान रखें कि उनका बचत खाता एक्टिव हो एवं आधार सिडेड बैंक खाता नम्बर की प्रविष्टि करना सुनिश्चित करें।
3. जो छात्र/छात्राएं श्रम कार्ड के माध्यम से श्रम विभाग द्वारा प्रदत्त छात्रवृत्ति हेतु आवेदन किये हैं वे इस छात्रवृत्ति हेतु आवेदन न करें। अन्यथा सभी प्रकार की छात्रवृत्ति से वंचित होना पड़ेगा।
4. ऑनलाईन फार्म भरते समय ध्यान रहे कि कोई भी जानकारी आवेदन में गलत न हो। जैसे – आवेदन में छात्र/छात्रा का नाम, जन्मतिथि, महाविद्यालय में प्रवेश दिनांक, परिवार की वार्षिक आय, ईमेल आइडी, बैंक खाता की जानकारी इत्यादि।
5. अपने यूजर आईडी और पासवर्ड सेव करें। यह अति आवश्यक है।

1.7.202

Principal
Swami Atmanand
Govt. E.M. Model College
Dhanora, Durg (C.G.)